नागरिकता

1. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में नागरिकता सम्बन्धी प्रावधान किए गए हैं ?
(अ) अनुच्छेद 1 से 4 (ब) अनुच्छेद 5 से 11
(स) अनुच्छेद 12 से 35 (द) अनुच्छेद 36 से 51
उत्तर : (ब)
2. भारतीय संविधान निम्नलिखित में से कौनसी नागरिकता प्रदान करता है ?
(अ) एकल नागरिकता (ब) दोहरी नागरिकता
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 1994
3. किस अनुच्छेद के तहत संसद को नागरिकता के संबंध में कानून बनाने का अधिकार प्रदान किया गया है ?
(अ) अनुच्छेद 5 (ब) अनुच्छेद 9
(स) अनुच्छेद 10 (द) अनुच्छेद 11
उत्तर : (द)
4. भारतीय नागरिकता नहीं प्राप्त की जा सकती–
(अ) जन्म द्वारा
(ब) देशीकरण द्वारा
(स) किसी भू–भाग के सम्मिलन द्वारा
(द) भारतीय बैंक में धन जमा करके
उत्तर : (द) BPSC 1996
5. देशीयकरण द्वारा नागरिकता प्राप्ति का एक तरीका क्या है ?
(अ) माता–पिता की नागरिकता
(ब) भाई–बहन की नागरिकता
(स) विदेशी पुरुष से विवाह करने पर
(द) विदेशी से मित्रता करने पर
उत्तर : (स)
6. नागरिक बनने की निम्नलिखित शर्तों में एक आवश्यक शर्त क्या है ?
(अ) राज्य की सदस्यता
(ब) उच्च परिवार की सदस्यता
(स) उच्च जाति की सदस्यता
(द) किसी धर्म का समर्थन
उत्तर : (अ)
7. भारत में रहने वाला ब्रिटिश नागरिक दावा नहीं कर सकता–
(अ) व्यापार और व्यवसाय की स्वतंत्रता का अधिकार
(ब) विधि के समक्ष समता के अधिकार का
(स) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा के अधिकार का
(द) धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का
उत्तर : (अ)
8. पाकिस्तान में आकर भारत में नागरिकता प्राप्त करने सम्बन्धी प्रावधान का वर्णन निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में वर्णित है ?
(अ) अनुच्छेद 6 (ब) अनुच्छेद 8
(स) अनुच्छेद 9 (द) अनुच्छेद 11
उत्तर : (अ)
9. नागरिकता के लोप होने का एक नियम है–
(अ) परिवार से बिछड़ जाने पर
(ब) देशद्रोह का अपराध सिद्ध होने पर
(स) भ्रमण के लिए विदेश जाने पर
(द) शिक्षा के लिए विदेश जाने पर
उत्तर : (ब) SSC 1999
10. एक व्यक्ति नागरिकता के अधिकार खो सकता है ? एक कारण हो सकता है–
(अ) एक व्यक्ति दूसरे देश में दो महीने के लिए चला जाता है
(ब) एक व्यक्ति दूसरे राज्य की नागरिकता ले लेता है
(स) एक व्यक्ति राज्य के लिए कर्तव्यों का प्रदर्शन नहीं करता है
(द) एक व्यक्ति बहुराष्ट्रीय कम्पनी में काम करता है
उत्तर : (ब) SSC 2013
11. भारत की नागरिकता निम्नलिखित में से किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है ?
(अ) जन्म से (ब) वंशानुक्रम से
(स) देशीयकरण से (द) उपर्युक्त सभी से
उत्तर : (द)
12. निम्नलिखित में से कौनसी शर्त भारत की नागरिकता प्राप्त करने के लिए नहीं हे ?
(अ) अधिवास (ब) वंशानुक्रम
(स) पंजीकरण (द) सम्पत्ति स्वामित्व
उत्तर : (द)
13. नागरिकता प्राप्त करने व खोने के विषय में विस्तार से चर्चा कहाँ की गई है ?
(अ) संविधान के भाग 2 में
(ब) 1955 के नागरिकता कानून से
(स) संविधान की प्रथम अनुसूची में
(द) संसद के विविध अधिनियमों से
उत्तर : (ब)
14. कितने वर्षों तक लगातार बाहर रहने पर नागरिकता समाप्त हो जाती है ?
(अ) 3 वर्ष (ब) 5 वर्ष
(स) 7 वर्ष (द) 9 वर्ष
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

15. ऐसे सभी व्यक्ति जो..............या उसके पश्चात् भारत में जन्म लिया हो, उन्हें जन्मजात भारतीय नागरिक समझा जाएगा।
(अ) 15 अगस्त, 1947 (ब) 1 जनवरी, 1949
(स) 24 जनवरी, 1950 (द) 15 अगस्त, 1950
उत्तर : (स)

16. निम्न में से किस स्थिति में किसी भारतीय व्यक्ति की भारतीय नागरिकता समाप्त हो सकती है ?
(अ) त्यागने पर
(ब) पर्यावसन पर
(स) वंचित किए जाने पर
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

17. निम्न में से किस स्थिति में किसी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता से वंचित नहीं किया जा सकता है ?
(अ) निर्वाचन के दौरान
(ब) आपातकाल के दौरान
(स) युद्ध के दौरान
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

18. भारतीय संविधान में नागरिकता के प्रावधान कब लागू हुए ?
(अ) 1950 (ब) 1949
(स) 1951 (द) 1952
उत्तर : (ब) SSC 2013

19. भारतीय संविधान के अंतर्गत भारत के नागरिकों को वे कौनसे अधिकार प्राप्त हैं, जो गैर नागरिकों को नहीं है ?
(अ) कुछ सार्वजनिक पदों की पात्रता
(ब) संसद व विधानमंडल के सदस्य होने का अधिकार
(स) अनुच्छेद 15,16 एवं 19 द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

20. भारत में रहने वाला ब्रिटिश नागरिक दावा नहीं कर सकता–
(अ) व्यापार और व्यवसाय की स्वतंत्रता का अधिकार
(ब) विधि के समक्ष समता के अधिकार का
(स) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा के अधिकार का
(द) धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का
उत्तर : (अ) IAS 1999

21. भारत का एक नागरिक अपनी नागरिकता खो देगा, यदि वह–
1. भारतीय नागरिकता का परित्याग करता है
2. स्वेच्छा से अन्य देष की नागरिकता प्राप्त करता है
3. किसी अन्य देश के नागरिक से विवाह करता है
4. सरकार की अलोचना करता है
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
(अ) 1, 2 और 3 (ब) 2, 3 और 4
(स) केवल 1 और 2 (द) केवल 1 और 4
उत्तर : (स) UPPCS 2018

22. नागरिकता प्राप्त करने के लिए शर्तें निर्धारित करने वाला सक्षम निकाय कौन सा है ?
(अ) चुनाव आयोग
(ब) राष्ट्रपति
(स) संसद
(द) संसद और विधान सभाएँ
उत्तर : (स) SSC 2010

23. संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकता के संबंध में संसद ने एक व्यापक नागरिकता अधिनियम कब बनाया ?
(अ) 1950 (ब) 1952
(स) 1955 (द) 1960
उत्तर : (स)

24. भारत में एकल नागरिकता की अवधारणा किस देष की सांविधानिक व्यवस्था से अपनाई गयी है ?
(अ) इंग्लैण्ड (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका
(स) कनाडा (द) फ्रांस
उत्तर : (अ) SSC 2011

25. किस देश में दोहरी नागरिकता का सिद्धांत स्वीकार किया गया है ?
(अ) भारत (ब) कनाडा
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) संयुक्त राज्य अमेरिका
उत्तर : (द) MPPSC 2006